भारत सरकार
श्रम और रोजगार मंत्रालय
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या- 2174
गुरूवार, 16 दिसम्बर, 2021/25 अग्रहायण, 1943 (शक)

राष्ट्रीय कैरियर सेवा (एनसीएस) परियोजना

2174. श्री कामाख्या प्रसाद तासाः

क्या **श्रम और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) राष्ट्रीय करियर सेवा (एनसीएस) परियोजना के लिए सरकार द्वारा वर्ष 2021-2022 के लिए वास्तव में जारी और उपयोग की गई राशि के साथ-साथ बजटीय आवंटन का ब्यौरा क्या है;

(ख) 2021 में एनसीएस परियोजना के तहत प्रशिक्षित लोगों की संख्या का राज्य-वार ब्यौरा क्या है; और

(ग) वर्ष 2021 में एन.सी.एस परियोजना के तहत सफलतापूर्वक प्रशिक्षित किए गए और नियोजन की पेशकश प्राप्त व्यक्तियों के संबंध में राज्य और लिंग-वार ब्यौरा क्या है?

उत्तर
श्रम और रोजगार राज्य मंत्री
(श्री रामेश्वर तेली)

(क): 2021-22 के दौरान राष्ट्रीय करियर सेवा परियोजना (एनसीएसपी) के लिए सरकार द्वारा किया गया कुल आवंटन 57 करोड़ रुपये है। इसमें से, 6 दिसंबर, 2021 को 12.58 करोड़ रुपए का उपयोग किया गया है।

(ख) और (ग): राष्ट्रीय करियर सेवा (एनसीएस) पोर्टल विविध प्रकार की रोजगार संबंधी सेवाएं प्रदान करता है। 24-11-2021 को, 90.47 लाख रिक्तियां जुटाई गई हैं, 9214 परामर्श सत्र आयोजित किए गए, 6464 रोजगार मेले आयोजित किए गए और एनसीएस पोर्टल के माध्यम से 3.16 लाख रोजगार चाहने वालों को अंतिम पेशकश पत्र प्राप्त हुए।

इसके अलावा, भारत सरकार विभिन्न मंत्रालयों के माध्यम से विभिन्न अन्य कौशल/प्रशिक्षण कार्यक्रमों को कार्यान्वित कर रही है। कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय की प्रधान मंत्री कौशल विकास योजना (पीएमकेवीवाई) के तहत, प्रारंभ से (अर्थात् 2015) 53.26 लाख अभ्यर्थियों को अल्प कालिक प्रशिक्षण (एसटीटी) के तहत प्रमाणित किया गया है, जिसमें से 23.59 लाख अभ्यर्थियों को नियोजित किया गया है। ग्रामीण विकास मंत्रालय की दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना (डीडीयू-जीकेवाई) और ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरएसईटीआई) योजनाओं के तहत 2016 और उसके बाद से क्रमश: 8.35 लाख और 20.39 लाख अभ्यर्थियों को प्रशिक्षित किया गया है, जिनमें से क्रमशः 5.82 लाख और 15.53 लाख अभ्यर्थियों को नियोजित किया गया है। आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय की दीन दयाल अंत्योदय योजना - राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन (डीएवाई-एनयूएलएम) योजना के तहत 2014 से 5.95 लाख अभ्यर्थियों को प्रशिक्षण के उपरांत नियोजित किया गया है।

*****